पीडब्ल्यूआर

पीआर नंबर 75607

सुपरमाइक्रो एक सान जोस

सुपरमाइक्रो ने ब्लूमबर्ग लेख के दावों का खंडन किया

सान जोस, कैलिफोर्निया, 6 अक्टूबर, 2018, पीआरन्यूजवायर— एशियानेट।

— एप्पल और आमेजन के साथ सुपरमाइक्रो ने भी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के दावों का खंडन किया

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (एसएमसीआई) उस रिपोर्टका दृढ़ता सेखंडन करती है जिसमें कहा गया है कि इसने उन सिस्टमों के मदरबोर्ड में लगे दोषपूर्ण चिप्स अपने ग्राहकों को बेचे हैं।

आज प्रकाशित एक लेख में आरोप लगा है कि सुपरमाइक्रो ने 2015 में अपने कुछ ग्राहकों को अपने मदरबोर्ड पर लगे दोषपूर्ण चिप बेचे थे। सुपरमाइक्रो को कोई दोषपूर्ण चिप नहीं मिला था और न ही किसी ग्राहक ने इसे जानकारी दी कि इस तरह के चिप पाए गए हैं।

इस लेख में जिन—जिन कंपनियों का जिक्र किया गया था, सबने (सुपरमाइक्रो, एप्पल, आमेजन और एलिमेंटल) इन दावों को पुरजोर तरीके से खारिज करते हुए सख्त बयान जारी किए हैं:

एप्पल ने सीएनबीसी पर बयान दिया, "हम बहुत निराश हैं कि हमारे साथ बातचीत में ब्लूमबर्ग के रिपोर्टरों ने स्पष्ट रूप से यह संभावना नहीं जताई कि वे या उनके सूत्र गलत या गुमराह हो सकते हैं। हमारा सर्वश्रेष्ठ अनुमान है कि वे 20016 की घटनाओं पर दी गई अपनी स्टोरी को लेकर भ्रम में रहे जिसमें हमने अपने एक लैब में सुपरमाइक्रो के एकमात्र सर्वर पर एक संक्रमित ड्राइवर का पता लगाया था। एक बार हुई वह घटना संयोगवश मानी जा सकती थी और इसे एप्पल के खिलाफ लक्षित हमले के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए था।"

आमेजन वेब सर्विसेज के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी स्टीव श्मिट ने कहा, "पिछले दो महीने में हमने ब्लूमबर्ग बिजनेसवीक के साथ कई बार अपनी जानकारी का साझा किया लेकिन अतीत या वर्तमान में कभी भी हमने किसी एलिमेंटल या आमेजन सिस्टम में सुपरमाइक्रो के मदरबोर्ड में किसी तरह के संशोधित हार्डवेयर या कोई दोषपूर्ण चिप से संबंधित कोई मसला नहीं उठाया।"

सुपरमाइक्रो से कभी किसी सरकारी एजेंसी या घरेलू या विदेशी एजेंसी ने संबंधित आरोपों को लेकर संपर्क नहीं किया है।

सुपरमाइक्रो सभी सुरक्षा दावों को बहुत ही गंभीरता से लेती है और अपने उत्पादों की सुरक्षा क्षमताओं में लगातार निवेश करती रही है। चीन में मदरबोर्ड का निर्माण सुपरमाइक्रो के लिए अनूठा नहीं है और यह उद्योग की मानक प्रक्रिया पर आधारित है। लगभग सभी सिस्टम प्रदाता इसी तरह के अनुबंध विनिर्माताओं का इस्तेमाल करते हैं। सुपरमाइक्रो प्रत्येक अनुबंध विनिर्माता को योग्य और प्रमाणित करती है और नियमित रूप से गंभीरता के साथ उनके निर्माण केंद्रों तथा प्रक्रियों का निरीक्षण करती है।

ताजा समाचार और घोषणाओं के बारे में जानकारी के लिए सुपरमाइक्रो को फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (एसएमसीआई) के बारे में
उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो   अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।
सुपरमाइक्रो, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस   और वी कीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और / या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।
अन्य सभी ब्रांड, नाम और व्यापार चिह्न संबंधित स्वामित्व की संपत्तियां हैं ।
एसएमसीआई–एफ
स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.
संपर्कः मीडिया

माइकल केलोद्रिच

सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.,

michaelkalodrich@supermicro.com या

निवेशक

पेरी जी. हेयस

सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

PerryH@Supermicro.com

1 408 895 6570

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन